Downloaded from www.studiestoday.com

दिल्ली पब्लिक स्कूल
नवी मुंबई
पुनरावृत्ति

कक्षा–7 जमा करने की तिथि–10–09–14

विषय–हिंदी

व्याकरण

प्रश्न–1 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) वर्ण–विच्छेद कीजिए– श्रम, अक्षर, ज्ञान , त्रिदेव

(ख) शब्दों को शुद्ध कीजिए– प्रथ्वी, नमश्कार, भुगोलिक, परिक्षा

(ग) रेखांकित शब्दों का वचन बदल कर वाक्य पुनः लिखिए–

(अ) यह ताज़े पानी की मछली है।

(आ) कवि को सम्मान दिया गया।

(इ) इसे मिठाई खिलाओ।

(घ) कारक छाँटकर भेद बताइए–

(अ) रीमा ने माँ को पुकारा।

(आ) किसान बैलों को चारा देता है।

(इ) मेहमानों के लिए भोजन का प्रबंध करो।

(ड) सर्वनाम छाँटकर भेद बताइए–

(अ) इसने परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

(आ) आज कुछ लोग आने वाले हैं।

(च) दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए–

(अ) जानने की इच्छा रखने वाला

(आ) जिसकी तुलना न की जा सके

(छ) विराम चिह्न लगाएँ–

(अ) आज मेरे दादा दादी आ रहे हैं (आ) खाने में तुम्हें क्या क्या पसंद है

प्रश्न–2 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

(क) रेखांकित शब्दों के विलोम लिखिए–

(अ) वीर योद्धा जय अथवा ––––– की चिंता नहीं करते।

(आ) भारत कई खाद्य एवं –––––– वस्तुओं का निर्यात करता है।

(ख) दिए गए शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए–

(अ) आम (आ) गुण (इ) अज (ई) जाल

(ग) कोष्ठक में से चुनकर उचित शब्द भरिए –

(अ) कोयले की ––––– में काम करना जोखिम भरा काम है। (ख़ान/खान)

(आ) सेठ ने ––––– व्यक्ति को भोजन करवाया। (दीन/दिन)

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

(घ) संधि विच्छेद कीजिए –

(अ) राजर्षि (आ) अत्यंत (इ) सदैव (ई) समयाभाव

(ड) 'परमौजस्वी' शब्द का सही संधि विच्छेद है –

(अ) परमो+ओजस्वी (आ) परम+औजस्वी

(इ) परम+ओजस्वी (ई) परमा+ओजसवी

(च) 'आकाश के तारे तोड़ना ' मुहावरे का अर्थ है –

(अ) सचेत करना (आ) असंभव कार्य करना

(इ) मर्यादा बनाए रखना (ई) आकाश के तारे लाना

वितान

प्रश्न–3 एक वाक्य में उत्तर दीजिए –

(क) फूल और पौधे का जन्म कहाँ होता है?

(ख) लेखक के पिता ने उन्हें पत्र क्यों लिखा था?

(ग) सेखों ने किस हवाई अड्डे से उड़ान भरी?

(घ) चौधरी के कितने बेटे थे?

प्रश्न–4 पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

मेह उन पर बरसता एक–सा, एक–सी उन पर हवाएँ हैं बहीं।
पर सदा ही यह दिखाता है हमें, ढंग उनके एक–से होते नहीं।

(क) कवि और कविता का नाम बताइए।

(ख) **'ढंग उनके एक–से होते नहीं।'** से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(ग) **'मेह'** एवं **'ढंग'** का अर्थ लिखिए।

प्रश्न–5 गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

दुश्मन के छह आधुनिक विमान सिर पर मँडरा रहे थे और नेट जैसे पुराने ढर्रे के विमान में बैठा एक अकेला जाँबाज़ उनसे लोहा लेने ऊपर जा चढ़ा।

(क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।

(ख) दुश्मन एवं भारतीय विमानों में क्या अंतर था?

(ग) "**अकेला जाँबाज़** 'किसे कहा जा रहा है ?वह किससे लड़ने जा रहा है?

प्रश्न–6 आशय स्पष्ट कीजिए –

(अ) " आदमी की जुबान एक होती है या दो? अब चुपचाप चलता बन, नही तो धक्के मारकर निकलवा दूँगा। मेरे यहाँ झगड़ा–टंटा नहीं चलेगा।"

(आ) चलती हवा है ठंडी, हिलती हैं डालियाँ सब,
बागों में गीत सुंदर, गातीं हैं मालिनें अब।

Downloaded from www.studiestoday.com

Downloaded from www.studiestoday.com

प्रश्न –7 दिए गए प्रश्नों के उत्तर 35–40 शब्दों में दीजिए –

(क) फूल सबको प्रिय होता पर काँटा सभी को क्यों खटकता है?

(ख) लेखक अपने पिता के साथ बचपन में क्या–क्या किया करते थे?

(ग) चौधरी के बेटे ने सेठ से किस प्रकार माफ़ी माँगने को कहा?

(घ) सेखों के युद्ध–कौशल का वर्णन कीजिए।

****

Downloaded from www.studiestoday.com